# *UPPCS Prelims 2025 Test 15 (Questions) – Full Length Test 4 (SSW - 8077834630)*

**प्रश्न 1.** भारत शासन अधिनियम, 1858 के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?
(a) भारत में वायसराय का पद स्थापित किया गया
(b) ईस्ट इंडिया कंपनी को समाप्त कर दिया गया
(c) प्रांतों में द्वैध शासन प्रणाली (Dyarchy) लागू की गई
(d) भारत सचिव का पद सृजित किया गया

**प्रश्न 2.** संविधान की मूल प्रस्तावना का अलंकरण और सज्जा किसने की थी?
(a) नंदलाल बोस
(b) वसंत वैद्य
(c) बिहारी राममनौहर सिन्हा
(d) एच.वी.आर. अयंगर

**प्रश्न 3.** संविधान की ग्यारहवीं अनुसूची में कितने विषय सूचीबद्ध हैं?
(a) 12
(b) 18
(c) 20
(d) 29

**प्रश्न 4.** प्रस्तावना भारत को किस रूप में घोषित करती है?
(a) संघीय, लोकतांत्रिक, सार्वभौम गणराज्य
(b) सार्वभौम, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य
(c) सार्वभौम, संघीय, लोकतांत्रिक गणराज्य
(d) संघीय, समाजवादी, गणराज्य

**प्रश्न 5.**
**कथन (A):** प्रस्तावना में "पंथनिरपेक्ष" शब्द का अर्थ है कि राज्य का कोई अपना धर्म नहीं है।
**कारण (R):** भारतीय संविधान सभी धर्मों को समान सम्मान और संरक्षण प्रदान करता है।

**Code:**
(a) (A) और (R) दोनों सत्य हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है
(b) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परंतु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है
(c) (A) सत्य है, परंतु (R) असत्य है
(d) (A) असत्य है, परंतु (R) सत्य है

**प्रश्न 6.** निम्नलिखित का सही सुमेलन कीजिए–

A. 10वाँ संविधान संशोधन – 1. दादरा और नगर हवेली
B. 12वाँ संविधान संशोधन – 2. गोवा, दमन और दीव
C. 14वाँ संविधान संशोधन – 3. पुडुचेरी
D. 36वाँ संविधान संशोधन – 4. सिक्किम

**Code:**
(a) A-1, B-2, C-3, D-4
(b) A-2, B-1, C-4, D-3
(c) A-3, B-1, C-2, D-4
(d) A-4, B-2, C-3, D-1

**प्रश्न 7.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–

1. अनुच्छेद 24 खतरनाक उद्योगों/रोज़गार में बाल श्रम पर रोक लगाता है।
2. अनुच्छेद 25 धर्म के प्रचार-प्रसार की स्वतंत्रता प्रदान करता है।

कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**प्रश्न 8.** निम्नलिखित में से कौन-सी रिट निजी व्यक्तियों के विरुद्ध भी जारी की जा सकती है?
(a) हेबियस कॉर्पस (Habeas Corpus)
(b) मांडेमस (Mandamus)
(c) सर्टियोरेरी (Certiorari)
(d) प्रोहीबिशन (Prohibition)

**प्रश्न 9.** निम्नलिखित में से कौन-से निदेशक सिद्धांत गांधीवादी प्रकृति के हैं?
A. ग्राम पंचायतों का संवर्धन
B. श्रमिकों की प्रबंधन में भागीदारी
C. कुटीर उद्योगों का संगठन
D. कृषि एवं पशुपालन का संगठन

**Code:**
(a) A, C और D
(b) A और B
(c) A, B और C
(d) A, B, C और D

**प्रश्न 10.** निम्नलिखित घटनाओं को कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित कीजिए–

1. मौलिक कर्तव्यों पर वर्मा समिति की रिपोर्ट
2. 42वाँ संविधान संशोधन
3. स्वरन सिंह समिति

**Code:**
(a) 2-3-1
(b) 3-2-1

Self Study Wala 8077834630

(c) 3-2-1
(d) 2-3-1

**प्रश्न 11.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–

1. प्रधानमंत्री संसद के बाहर से भी मंत्रियों की नियुक्ति कर सकते हैं।
2. ऐसे व्यक्ति को 6 माह के भीतर संसद का सदस्य बनना अनिवार्य है।
3. यह प्रावधान संविधान के अनुच्छेद 75 में निहित है।

उपरोक्त में से कौन-से कथन सही हैं?
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**प्रश्न 12.** निम्नलिखित में से सही कथन चुनिए–
(a) राष्ट्रपति धन विधेयकों पर पूर्ण वीटो (Absolute Veto) का प्रयोग कर सकते हैं।
(b) पॉकेट वीटो (Pocket Veto) राष्ट्रपति की विवेकाधीन शक्ति है।
(c) राष्ट्रपति को संविधान संशोधन विधेयकों पर अनिवार्य रूप से अपनी स्वीकृति देनी होती है।
(d) (b) और (c) दोनों सही हैं।

**प्रश्न 13.** भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति कौन थे?
(a) जाकिर हुसैन
(b) वी.वी. गिरि
(c) सर्वपल्ली राधाकृष्णन
(d) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

**प्रश्न 14.** सही सुमेलन कीजिए–
**सूची–I (संस्था) | सूची–II (कार्य/विशेषता)**
A. मंत्रिमंडल (Cabinet) – 1. लोकसभा के प्रति सामूहिक रूप से उत्तरदायी
B. प्रधानमंत्री – 2. प्रथम समान में श्रेष्ठ (First among equals)
C. मंत्रिपरिषद (Council of Ministers) – 3. वास्तविक कार्यपालिका (Real executive authority)
D. भारत के महाधिवक्ता (Attorney General) – 4. सर्वोच्च विधिक अधिकारी

**Code:**
A B C D
(a) 3 2 1 4
(b) 3 4 1 2
(c) 3 1 2 4
(d) 1 2 4 3

**प्रश्न 15.** मुख्यमंत्री की नियुक्ति से संबंधित घटनाओं को कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित कीजिए–

1. विधान सभा में बहुमत सिद्ध करना।
2. राज्यपाल द्वारा नियुक्ति।
3. यदि सदस्य न हों तो 6 माह के भीतर विधान सभा चुनाव जीतना।
4. शपथ ग्रहण समारोह।

**Code:**
(a) 2-4-1-3
(b) 4-2-1-3
(c) 2-1-4-3
(d) 1-2-3-4

**प्रश्न 16.** निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद राज्य के महाधिवक्ता (Advocate General) से संबंधित है?
(a) अनुच्छेद 74
(b) अनुच्छेद 165
(c) अनुच्छेद 143
(d) अनुच्छेद 167

**प्रश्न 17.** उत्तर प्रदेश का लोकसभा में प्रतिनिधित्व है–
(a) 39
(b) 48
(c) 80
(d) 81

**प्रश्न 18.** राज्यसभा के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?
(a) यह धन विधेयक की पहल नहीं कर सकती।
(b) यह राष्ट्रीय आपातकाल को स्वीकृति दे सकती है।
(c) इसका उपराष्ट्रपति को हटाने में कोई भूमिका नहीं है।
(d) यह संविधान संशोधन में लोकसभा के बराबर अधिकार रखती है।

**प्रश्न 19.** राष्ट्रीय आपातकाल की स्थिति में राज्य विधान सभा का कार्यकाल कितनी अवधि के लिए बढ़ाया जा सकता है?
(a) एक बार में 6 माह
(b) एक बार में 1 वर्ष
(c) लगातार 3 वर्ष
(d) इसे बढ़ाया नहीं जा सकता

**प्रश्न 20.** भारत में न्यायिक पुनरावलोकन (Judicial Review) के संबंध में कौन-सा कथन असत्य है?
(a) यह संविधान की मूल संरचना (Basic Structure) का अंग है।
(b) यह संविधान में स्पष्ट रूप से उल्लिखित है।
(c) इसका प्रयोग सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालय दोनों करते हैं।
(d) इसे केशवानंद भारती मामले में मान्यता दी गई।

**प्रश्न 21.** भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG) का पद संविधान के किस अनुच्छेद के अंतर्गत स्थापित है?

Self Study Wala 8077834630

(a) अनुच्छेद 145
(b) अनुच्छेद 147
(c) अनुच्छेद 148
(d) अनुच्छेद 150

**प्रश्न 22.** 73वाँ संविधान संशोधन अधिनियम किस वर्ष पारित हुआ था?
(a) 1991
(b) 1992
(c) 1993
(d) 1994

**प्रश्न 23.** संविधान का कौन-सा अनुच्छेद पूर्वोत्तर राज्यों को छोड़कर अन्य राज्यों में अनुसूचित क्षेत्रों के प्रशासन से संबंधित है?
(a) अनुच्छेद 244
(b) अनुच्छेद 243
(c) अनुच्छेद 340
(d) अनुच्छेद 338

**प्रश्न 24.** भारत निर्वाचन आयोग (Election Commission of India) का गठन संविधान के किस अनुच्छेद के अंतर्गत किया गया है?
(a) अनुच्छेद 320
(b) अनुच्छेद 321
(c) अनुच्छेद 324
(d) अनुच्छेद 326

**प्रश्न 25.** निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा असंगत है?
(a) राष्ट्रीय महिला आयोग – सांविधिक निकाय
(b) राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग – संवैधानिक निकाय
(c) नीति आयोग – कार्यकारी निकाय
(d) निर्वाचन आयोग – संवैधानिक निकाय

**प्रश्न 26.** वित्त वर्ष 2025–26 में "शून्य गरीबी उत्तर प्रदेश अभियान" (Zero Poverty Uttar Pradesh Campaign) के लिए कितना प्रावधान किया गया है?
(a) ₹100 करोड़
(b) ₹500 करोड़
(c) ₹250 करोड़
(d) ₹750 करोड़

**प्रश्न 27.** जनगणना 2011 के अनुसार उत्तर प्रदेश का साक्षरता दर कितना था?
(a) 57.6%
(b) 69.72%
(c) 67.68%
(d) 61.8%

**प्रश्न 28.** राष्ट्रीय शर्करा संस्थान (National Sugar Institute), जो गन्ना प्रौद्योगिकी एवं शर्करा अभियांत्रिकी का प्रमुख केंद्र है, कहाँ स्थित है?
(a) वाराणसी
(b) कानपुर
(c) गोरखपुर
(d) लखनऊ

**प्रश्न 29.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–

1. सोनभद्र खनिजों जैसे चूना पत्थर और बॉक्साइट से समृद्ध है।
2. शारदा नहर उत्तर प्रदेश के पश्चिमी क्षेत्र से निकलती है।
3. घाघरा नदी गंगा की सहायक नदी है।

सही कथन कौन-से हैं?
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**प्रश्न 30.** भगवान शिव को समर्पित कैलाश मेला प्रतिवर्ष उत्तर प्रदेश के किस नगर में आयोजित किया जाता है?
(a) आगरा
(b) चित्रकूट
(c) वाराणसी
(d) ललितपुर

**प्रश्न 31.** फूड वेब (Food Web) क्या है?
(a) हमेशा रैखिक (linear) होता है
(b) ऊर्जा प्रवाह का साधारण मार्ग है
(c) ऊर्जा प्रवाह का यथार्थ चित्रण है
(d) केवल तीन ट्रॉफिक स्तरों तक सीमित है

**प्रश्न 32.** सही कथन चुनिए–
(a) फॉस्फोरस वायुमंडल में तीव्र गति से चक्रण करता है।
(b) महासागर सबसे बड़ा कार्बन सिंक है।
(c) बायोमैग्निफिकेशन (Biomagnification) का सबसे अधिक प्रभाव उत्पादकों (Producers) पर होता है।
(d) अमोनिफिकेशन (Ammonification) स्वपोषी जीवों (Autotrophs) द्वारा किया जाता है।

**प्रश्न 33.** गलत कथन चुनिए–
(a) मूँगा चट्टानें (Coral Reefs) आधार प्रजाति (foundation species) तथा आवास दोनों होती हैं।
(b) इको-मार्क (Eco-mark) बीआईएस प्रमाणित वस्तुओं पर अनिवार्य है।
(c) ईकोटाइप (Ecotype) स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार आनुवंशिक अनुकूलन को दर्शाता है।
(d) ईकोक्लाइन (Ecocline) पर्यावरणीय स्थितियों में क्रमिक परिवर्तन को दर्शाता है।

Self Study Wala 8077834630

**प्रश्न 34.** सही कथन चुनिए–
(a) फ्लुओरिनेटेड गैसें ओज़ोन परत को नष्ट करती हैं।
(b) $CO_2$ सांद्रता (concentration) के आधार पर सबसे प्रचुर ग्रीनहाउस गैस है।
(c) HFCs का GWP (Global Warming Potential) $CO_2$ से कम होता है।
(d) जलवाष्प एक मानव-जनित (anthropogenic) ग्रीनहाउस गैस है।

**प्रश्न 35.** निम्नलिखित COP सम्मेलनों को उनके मेजबान देशों से मिलाइए–

A. COP21 – 1. फ्रांस
B. COP27 – 2. मिस्र
C. COP28 – 3. संयुक्त अरब अमीरात (UAE)
D. COP29 – 4. अज़रबैजान

**Code:**
A B C D
(a) 1 2 3 4
(b) 4 3 2 1
(c) 2 3 1 4
(d) 3 4 2 1

**प्रश्न 36.**
**कथन (A):** ब्राउन कार्बन कण (Brown Carbon Particles) वायुमंडल को गर्म करते हैं।
**कारण (R):** वे सारी रोशनी को परावर्तित कर पृथ्वी के ऐल्बीडो (Albedo) को बढ़ाते हैं।

**Code:**
(a) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है
(b) (A) सही है, परंतु (R) गलत है
(c) (A) और (R) दोनों गलत हैं
(d) (A) गलत है, परंतु (R) सही है

**प्रश्न 37.** HIPPO रूपरेखा (framework) के अंतर्गत निम्नलिखित में से कौन-सा कारक जैव विविधता ह्रास का कारण नहीं है?
(a) जलवायु परिवर्तन (Climate Change)
(b) आवास विनाश (Habitat Destruction)
(c) आक्रामक प्रजातियाँ (Invasive Species)
(d) अति-शोषण (Overexploitation)

**प्रश्न 38.** नागोया प्रोटोकॉल (Nagoya Protocol) के संबंध में गलत कथन चुनिए–
(a) यह CBD (Convention on Biological Diversity) का पूरक समझौता है।
(b) यह LMOs (Living Modified Organisms) से जैव सुरक्षा (Biosafety) सुनिश्चित करने हेतु है।
(c) यह आनुवंशिक संसाधनों से होने वाले लाभों के न्यायसंगत और समान बँटवारे पर केंद्रित है।
(d) इसे 2010 में अपनाया गया था।

**प्रश्न 39.** राष्ट्रीय वन्यजीव कार्य योजना (National Wildlife Action Plan) 2017–2031 में नया विषयगत फोकस (thematic focus) शामिल किया गया है–
(a) शहरी जैव विविधता
(b) कृषि वानिकी (Agroforestry)
(c) वन्यजीव रोग निगरानी (Wildlife Disease Surveillance)
(d) पशुपालन

**प्रश्न 40.** निम्नलिखित में से कौन भारत का प्राकृतिक विश्व धरोहर स्थल (Natural World Heritage Site) नहीं है?
(a) काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान
(b) ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क
(c) वेस्टर्न घाट
(d) नीलगिरि बायोस्फीयर रिजर्व

**प्रश्न 41.** विश्व जनसंख्या परिप्रेक्ष्य (WPP) 2024 के अनुसार भारत की कुल प्रजनन दर (Total Fertility Rate – TFR) क्या रही?
(a) 2.6
(b) 2.3
(c) 2.1
(d) 2.0

**प्रश्न 42.** राष्ट्रीय आय की अवधारणाओं का उनके परिभाषाओं से सुमेलन कीजिए–

A. $GDP_{FC}$ – 1. GDPMP – Net Indirect Taxes
B. GNP – 2. GDP + Net Factor Income from Abroad
C. NDP – 3. GDP – Depreciation
D. $NNP_{FC}$ – 4. GNP – Depreciation – Net Indirect Taxes

**Code:**
(a) A-1, B-2, C-3, D-4
(b) A-2, B-3, C-4, D-1
(c) A-4, B-1, C-3, D-2
(d) A-3, B-4, C-2, D-1

**प्रश्न 43.** निम्नलिखित घटनाओं को कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित कीजिए–
I. LPG सुधार
II. बैंकों का राष्ट्रीयकरण
III. GST का प्रारंभ
IV. नीति आयोग की स्थापना

**Code:**
(a) II, I, IV, III

SelfStudyWala8077834630

(b) I, II, III, IV
(c) II, I, III, IV
(d) II, I, IV, III

**प्रश्न 44.** GST की विशेषताएँ कौन-सी हैं?

1. गंतव्य-आधारित कर (Destination-based Tax)
2. करों के दोहराव (Cascading Effect) को समाप्त करता है
3. इनपुट टैक्स क्रेडिट (Input Tax Credit) की सुविधा प्रदान करता है

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**प्रश्न 45.** गरीबी जाल (Poverty Trap) की अवधारणा को निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सर्वाधिक सही ढंग से स्पष्ट करता है?
(a) प्राकृतिक आपदाओं से उत्पन्न गरीबी
(b) मानवीय पूँजी की कमी से उत्पन्न सतत निम्न आय
(c) उच्च सरकारी कराधान
(d) विदेशी सहायता की कमी

**प्रश्न 46.** भारत में धन प्रवाह (Money Flow) को निम्नलिखित में से कौन-से कारक प्रभावित करते हैं?

1. रेपो दर (Repo Rate) में परिवर्तन
2. खुला बाजार संचालन (Open Market Operations)
3. नकद आरक्षित अनुपात (Cash Reserve Ratio – CRR)
4. न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP)

**Code:**
(a) केवल 1, 2 और 3
(b) केवल 2 और 3
(c) 1, 2, 3 और 4
(d) केवल 4

**प्रश्न 47.** भारत में सिक्के ढालने (Minting of Coins) का अधिकार किसे प्राप्त है?
(a) भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI)
(b) वित्त मंत्रालय (Ministry of Finance)
(c) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI)
(d) नीति आयोग

**प्रश्न 48.** निम्नलिखित सूचकांकों का उनके प्रकाशन प्राधिकरण से सुमेलन कीजिए–

A. उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI – ग्रामीण/शहरी) – 1. राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO)
B. CPI–IW (औद्योगिक श्रमिकों के लिए) – 2. श्रम ब्यूरो (Labour Bureau)
C. थोक मूल्य सूचकांक (WPI) – 3. DPIIT
D. GDP डिफ्लेटर – 4. NSO

**Code:**
(a) A-1, B-2, C-3, D-4
(b) A-1, B-2, C-4, D-3
(c) A-3, B-1, C-2, D-4
(d) A-4, B-2, C-1, D-3

**प्रश्न 49.** भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी भारत की डिजिटल मुद्रा का नाम क्या है?
(a) भारत कॉइन (Bharat Coin)
(b) ई–रुपया (e-Rupee)
(c) डिजिटल रुपया (DigiRupee)
(d) CBDC–इंडिया

**प्रश्न 50.** भारत में योजना आयोग (Planning Commission) की स्थापना कब हुई थी?
(a) 1947
(b) 1950
(c) 1951
(d) 1952

**प्रश्न 51.** सोलहवें वित्त आयोग (16th Finance Commission) के अध्यक्ष कौन हैं?
(a) एन. के. सिंह
(b) अरविंद पनगढ़िया
(c) अजय नारायण झा
(d) सौम्या कांति घोष

**प्रश्न 52.** सूची–I (काल) का सूची–II (विशेषता) से सुमेलन कीजिए–

A. पाषाण युग (Paleolithic Age) – 1. परिष्कृत पत्थर के औज़ार, मिट्टी के बर्तन
B. नवपाषाण युग (Neolithic Age) – 2. हाथ की कुल्हाड़ी, चॉपर
C. ताम्रपाषाण युग (Chalcolithic Age) – 3. धातु + पत्थर के औज़ार
D. मध्यपाषाण युग (Mesolithic Age) – 4. सूक्ष्म पाषाण उपकरण (Microliths)

**Code:**
A B C D
(a) 1 2 4 3
(b) 2 1 3 4

Self Study Wala 8077834630

(c) 3 4 1 2
(d) 4 3 2 1

**प्रश्न 53.** निम्नलिखित स्थलों का उनकी संबंधित खोजों से सुमेलन कीजिए–

A. बुरज़हॉम (Burzahom) – 1. गेरुए रंग की मृद्भांड (Ochre Coloured Pottery)
B. लांग्नज (Langhnaj) – 2. रस्सी-प्रभावित मृद्भांड (Cord-impressed Pottery)
C. चोपनी मांडो (Chopani Mando) – 3. कुत्ते और स्वामी का संयुक्त दफन
D. नवपाषाण मृद्भांड – 4. अस्थि-निर्मित औज़ार और आभूषण

**Code:**
A B C D
(a) 3 4 2 1
(b) 3 2 4 1
(c) 2 3 1 4
(d) 1 4 3 2

**प्रश्न 54.** मध्यपाषाण कालीन चित्रकला में निम्नलिखित में से कौन-सा प्राणी नहीं मिलता?
(a) हाथी
(b) हिरण
(c) घोड़ा
(d) साँप

**प्रश्न 55.** "महान स्नानागार" (Great Bath) किस हड़प्पा स्थल से प्राप्त हुआ था?
(a) हड़प्पा
(b) कालीबंगन
(c) मोहनजोदड़ो
(d) धौलावीरा

**प्रश्न 56.** सूची–I का सूची–II से सुमेलन कीजिए और सही कोड चुनिए–

**सूची–I (अधिवेशन) | सूची–II (अध्यक्ष)**
A. कलकत्ता, 1928 – 1. मोतीलाल नेहरू
B. लाहौर, 1929 – 2. जवाहरलाल नेहरू
C. कराची, 1931 – 3. सरोजिनी नायडू
D. कानपुर, 1925 – 4. सरदार वल्लभभाई पटेल

**Code:**
A B C D
(a) 1 2 3 4
(b) 2 1 3 4
(c) 1 2 4 3
(d) 2 1 4 3

**प्रश्न 57.** गलत युग्म चुनिए–
(a) वारेन हेस्टिंग्स – बंगाल में द्वैध शासन की समाप्ति
(b) लॉर्ड डलहौजी – विलय का सिद्धांत (Doctrine of Lapse)
(c) लॉर्ड कैनिंग – विधवा पुनर्विवाह अधिनियम
(d) लॉर्ड रिपन – वर्नाक्युलर प्रेस एक्ट

**प्रश्न 58.** निम्नलिखित पत्र–पत्रिकाओं का उनकी भाषा से सुमेलन कीजिए–

A. केसरी – 1. अंग्रेज़ी
B. मराठा – 2. मराठी
C. इंडियन ओपिनियन – 3. गुजराती
D. द बंगाली – 4. अंग्रेज़ी

**Code:**
(a) 1 2 3 4
(b) 2 1 4 3
(c) 2 1 3 4
(d) 3 4 2 1

**प्रश्न 59.** निम्न शिक्षा आयोगों का सही कालानुक्रमिक क्रम पहचानिए–

1. सैडलर आयोग
2. राधाकृष्णन आयोग
3. हंटर आयोग
4. कोठारी आयोग

**Code:**
(a) 1, 2, 3, 4
(b) 3, 1, 2, 4
(c) 3, 1, 4, 2
(d) 4, 3, 2, 1

**प्रश्न 60.** सूची–I का सूची–II से सुमेलन कीजिए–

**सूची–I (भूमि राजस्व प्रणाली) | सूची–II (प्रवर्तक)**
A. रैयतवारी – 1. होल्ट मैकेंज़ी
B. महालवारी – 2. वारेन हेस्टिंग्स
C. इजारेदारी – 3. थॉमस मनरो
D. स्थायी बंदोबस्त – 4. लॉर्ड कॉर्नवालिस

**Code:**
A B C D
(a) 2 3 1 4
(b) 3 2 1 4
(c) 1 3 2 4
(d) 3 1 2 4

**प्रश्न 61.** कम्युनिस्ट इंटरनेशनल (Comintern) के नेतृत्व में चुने जाने वाले प्रथम भारतीय कौन थे?
(a) एम.एन. रॉय

Self Study Wala 8077834630

(b) एस.ए. डांगे
(c) शौकत उस्मानी
(d) मुज़फ्फर अहमद

**प्रश्न 62.** सविनय अवज्ञा आंदोलन (Civil Disobedience Movement) की शुरुआत किस घटना से हुई?
(a) गांधी–इरविन समझौता
(b) दांडी मार्च
(c) साइमन कमीशन का आगमन
(d) पूना पैक्ट

**प्रश्न 63.** धरसाना सत्याग्रह (Dharasana Raid) में अब्बास तैयबजी की गिरफ्तारी के बाद नेतृत्व किसने किया?
(a) सरोजिनी नायडू
(b) सी. राजगोपालाचारी
(c) सुभाषचंद्र बोस
(d) खान अब्दुल गफ्फार खान

**प्रश्न 64.** 22 दिसंबर 1939 को "मुक्ति दिवस" (Deliverance Day) किस नेता ने मनाने का आह्वान किया?
(a) डॉ. भीमराव अंबेडकर
(b) सुभाषचंद्र बोस
(c) मोहम्मद अली जिन्ना
(d) सर सैयद अहमद ख़ान

**प्रश्न 65.** 1925 की काकोरी कांड (Kakori Train Robbery) में कौन-सा क्रांतिकारी संगठन सम्मिलित था?
(a) अभिनव भारत
(b) हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन (HRA)
(c) अनुशीलन समिति
(d) ग़दर पार्टी

**प्रश्न 66.** सही कथन चुनिए–
(a) वेल्बी आयोग (Welby Commission) ने भारत के व्यय की जाँच की थी।
(b) दादाभाई नौरोजी ने *Poverty and Un-British Rule in India* लिखा।
(c) गोखले इंपीरियल लेजिस्लेटिव काउंसिल के सदस्य थे।
(d) उपरोक्त सभी

**प्रश्न 67.** आनंदमठ में उल्लिखित संन्यासी विद्रोह से संबंधित महिला नेता कौन थीं?
(a) रानी गैदीनल्यू
(b) देवी चौधरानी
(c) रानी लक्ष्मीबाई
(d) रानी दुर्गावती

**प्रश्न 68.** 1828 का अहोम विद्रोह किस कारण से हुआ था?
(a) पंजाब का विलय
(b) प्रथम आंग्ल–बर्मा युद्ध के बाद ब्रिटिश वचनभंग
(c) जबरन नील की खेती
(d) ईसाई मिशनरियों की गतिविधियाँ

**प्रश्न 69.** लॉर्ड डलहौजी द्वारा विलय का सिद्धांत (Doctrine of Lapse) लागू कर निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य अंग्रेज़ों में मिला लिया गया?
(a) पंजाब
(b) ग्वालियर
(c) झाँसी
(d) हैदराबाद

**प्रश्न 70.** निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा असंगत है?
(a) सालबाई की संधि – प्रथम आंग्ल–मराठा युद्ध
(b) बसीन की संधि – तृतीय आंग्ल–मराठा युद्ध
(c) देवगाँव की संधि – भोंसले एवं अंग्रेज़
(d) पुरंदर की संधि – जयसिंह प्रथम एवं शिवाजी

**प्रश्न 71.** निम्नलिखित में से कौन अकबर के दरबार के नवरत्नों में सम्मिलित नहीं था?
(a) अबुल फ़ज़ल
(b) मान सिंह
(c) अब्दुल कादिर बदायुनी
(d) फैजी

**प्रश्न 72.** "ज़िंदा पीर" के नाम से किसे जाना जाता है?
(a) बाबर
(b) अकबर
(c) औरंगज़ेब
(d) जहाँगीर

**प्रश्न 73.** गलत कथन चुनिए–
(a) चंदावर का युद्ध गोरी और जयचंद के बीच हुआ।
(b) मुहम्मद बिन क़ासिम ने बिहार तक विजय प्राप्त की।
(c) बख़्तियार ख़िलजी ने लखनौती को अपनी राजधानी बनाया।
(d) मुहम्मद गोरी की मृत्यु 1206 ई. में हुई।

**प्रश्न 74.** मगध साम्राज्य के उत्कर्ष में योगदान देने वाले कारण कौन-से थे?

1. युद्ध में हाथियों का प्रयोग
2. गंगा के मैदानों की उर्वरता
3. तक्षशिला राजधानी थी
4. लौह अयस्क के समृद्ध भंडार

**Code:**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1, 2 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

SelfStudyWala 8077834630

**प्रश्न 75.** गलत कथन चुनिए–
(a) सारनाथ में बुद्ध ने प्रथम उपदेश दिया।
(b) बुद्ध का जन्म लुंबिनी में हुआ।
(c) महायान बौद्ध धर्म मूर्ति पूजा को अस्वीकार करता है।
(d) बौद्ध धर्म पुनर्जन्म में विश्वास करता है।

**प्रश्न 76.**
**कथन (A):** जैन भिक्षुओं ने अत्यधिक तपस्या (Extreme Austerity) का पालन किया।
**कारण (R):** जैन दर्शन सांसारिक जीवन से पूर्ण वैराग्य पर बल देता है।

**Code:**
(a) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।
(b) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परंतु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) सत्य है, परंतु (R) असत्य है।
(d) (A) असत्य है, परंतु (R) सत्य है।

**प्रश्न 77.** जैन धर्म के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?
(a) यह आत्मा के अस्तित्व को मानता है।
(b) यह सृष्टि के रचयिता ईश्वर को नहीं मानता।
(c) यह ब्रह्मांड के विनाश में विश्वास करता है।
(d) यह अहिंसा का उपदेश देता है।

**प्रश्न 78.** किस मौर्य शासक को यूनानी स्रोतों में "अमित्रोचेट्स" (Amitrochates) कहा गया है?
(a) अशोक
(b) बिंदुसार
(c) चंद्रगुप्त मौर्य
(d) दशरथ

**प्रश्न 79.**
**कथन (A):** गुप्त काल को प्राचीन भारतीय इतिहास का स्वर्ण युग कहा जाता है।
**कारण (R):** इस काल में विज्ञान, कला और साहित्य का अत्यधिक विकास हुआ।

**Code:**
(a) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।
(b) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परंतु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) सत्य है, परंतु (R) असत्य है।
(d) (A) असत्य है, परंतु (R) सत्य है।

**प्रश्न 80.** सेंट थॉमस की भारत यात्रा के समय कौन-सा इंडो-पार्थियन शासक शासन कर रहा था?
(a) गोंडोफर्नेस
(b) हर्मियस
(c) अज़ेस प्रथम
(d) मेनांडर

**प्रश्न 81.** किसी खाद्य जाल (Food Web) की संरचनात्मक जटिलता किससे निर्धारित होती है?
(a) उत्पादकों की संख्या
(b) ट्रॉफिक स्तरों की संख्या
(c) आपस में जुड़ी खाद्य श्रृंखलाओं की संख्या
(d) परजीवियों की उपस्थिति

**प्रश्न 82.** साइलेंट वैली राष्ट्रीय उद्यान कहाँ स्थित है?
(a) केरल
(b) तमिलनाडु
(c) असम
(d) उत्तराखंड

**प्रश्न 83.** निम्नलिखित में से कौन-सी गैस फोटो-रासायनिक धुंध (Photochemical Smog) के निर्माण में सम्मिलित नहीं होती?
(a) नाइट्रोजन ऑक्साइड
(b) ओज़ोन
(c) कार्बन मोनोऑक्साइड
(d) मीथेन

**प्रश्न 84.** कौन-सा चरण नाइट्राइट ($NO_2^-$) को नाइट्रेट ($NO_3^-$) में परिवर्तित करता है?
(a) नाइट्रोजन स्थिरीकरण (Nitrogen Fixation)
(b) नाइट्रीफिकेशन (Nitrification)
(c) अमोनिफिकेशन (Ammonification)
(d) डीनाइट्रीफिकेशन (Denitrification)

**प्रश्न 85.**
**कथन (A):** गर्म होते महासागर चक्रवातों की तीव्रता बढ़ाते हैं।
**कारण (R):** अधिक समुद्री सतह तापमान चक्रवातों को ऊर्जा देने हेतु अधिक गुप्त ऊष्मा (Latent Heat) प्रदान करता है।

**Code:**
(a) (A) और (R) दोनों सत्य हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।
(b) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परंतु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) सत्य है, परंतु (R) असत्य है।
(d) (A) असत्य है, परंतु (R) सत्य है।

**प्रश्न 86.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–
1. राष्ट्रीय कार्य योजना जलवायु परिवर्तन पर (NAPCC) केवल शमन (Mitigation) पर केंद्रित है।

Self Study Wala 8077834630

2. इसका संचालन पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC) के अधीन होता है।

कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**प्रश्न 87.** ग्रीन कार्बन (Green Carbon) का अर्थ है–
(a) सीमेंट कारखानों में संचित कार्बन
(b) महासागरों में संचित कार्बन
(c) स्थल वनस्पतियों जैसे जंगल और पौधों में संचित कार्बन
(d) शहरी हरित भवनों में संचित कार्बन

**प्रश्न 88.** निम्नलिखित में से कौन जैव विविधता के लिए खतरा नहीं है?
(a) आवास ह्रास (Habitat Loss)
(b) आक्रामक प्रजातियाँ (Invasive Species)
(c) जलवायु परिवर्तन (Climate Change)
(d) बीज प्रसार (Seed Dispersal)

**प्रश्न 89.** भारत की कौन-सी नदी कर्क रेखा (Tropic of Cancer) को दो बार पार करती है?
(a) माही
(b) चंबल
(c) नर्मदा
(d) कृष्णा

**प्रश्न 90.** भारत का कौन-सा शहर बेंगलुरु के लगभग समान देशांतर (Longitude) पर स्थित है?
(a) दिल्ली
(b) देहरादून
(c) हैदराबाद
(d) अहमदाबाद

**प्रश्न 91.** निम्नलिखित में से गलत कथन चुनिए–
(a) भील धनुर्विद्या (Archery) के लिए प्रसिद्ध हैं।
(b) संथाल 'सोहराय' पर्व मनाते हैं।
(c) टोडा कढ़ाईदार शॉल (Embroidered Shawls) के लिए प्रसिद्ध हैं।
(d) जरवा जनजाति स्थायी कृषि करती है।

**प्रश्न 92.** हिमालय की श्रेणियों का उनके भौगोलिक लक्षणों से सुमेलन कीजिए–

A. हिमाद्रि – 1. बुग्याल व मर्ग
B. हिमाचल – 2. दून घाटियाँ
C. शिवालिक – 3. हिमनदी घाटियाँ
D. ट्रांस–हिमालय – 4. टेथिस अवसाद

**Code:**
A B C D
(a) 1 2 3 4
(b) 3 1 2 4
(c) 4 3 2 1
(d) 2 4 1 3

**प्रश्न 93.** हिमालय की दक्षिणी ढलानों पर अधिक वनस्पति क्यों पाई जाती है?
(a) अधिक ढाल होने के कारण
(b) अधिक वर्षा और सूर्य प्रकाश के कारण
(c) कम हिमपात होने के कारण
(d) मानव बसावट के कारण

**प्रश्न 94.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–

1. खादर, भांगर से अधिक उपजाऊ है।
2. खादर नदी तट के निकट पाया जाता है।

कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**प्रश्न 95.** निम्नलिखित में से कौन-सी नदी भारत से उद्गमित नहीं होती?
(a) ब्यास
(b) झेलम
(c) रावी
(d) सतलज

**प्रश्न 96.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–

1. जलोढ़ मिट्टी (Alluvial Soil) भारत के उत्तरी मैदानों में पाई जाती है।
2. यह नदियों द्वारा लाए गए अवसादों के जमाव से बनती है।

सही कथन कौन-से हैं?
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**प्रश्न 97.** सूची–I (जलवायु ऋतु) का सूची–II (माह) से सुमेलन कीजिए–

A. शीत ऋतु – 1. मार्च से मई
B. ग्रीष्म ऋतु – 2. जून से सितम्बर
C. दक्षिण–पश्चिम मानसून – 3. दिसम्बर से फरवरी
D. प्रत्यावर्ती मानसून – 4. अक्तूबर से नवम्बर

**Code:**
A B C D
(a) 3 1 2 4

Self Study Wala 8077834630

(b) 1 2 3 4
(c) 2 1 3 4
(d) 3 2 1 4

**प्रश्न 98.** सूची–I (औद्योगिक क्षेत्र) का सूची–II (प्रमुख उद्योग) से सुमेलन कीजिए–

A. छोटानागपुर पठार – 1. कपास वस्त्र (Cotton Textiles)
B. मुंबई–पुणे – 2. लौह एवं इस्पात (Iron & Steel)
C. अहमदाबाद–वडोदरा – 3. पेट्रोकेमिकल्स
D. विशाखापट्टनम – 4. जहाज़ निर्माण (Shipbuilding)

**Code:**
A B C D
(a) 2 3 1 4
(b) 2 1 3 4
(c) 3 2 1 4
(d) 1 3 2 4

**प्रश्न 99.** काँच उद्योग (Glass Industry) के लिए कौन-सा नगर प्रसिद्ध है?
(a) आगरा
(b) फिरोजाबाद
(c) मुरादाबाद
(d) कानपुर

**प्रश्न 100.** "एटॉल" (Atoll) शब्द का अर्थ है–
(a) ज्वालामुखी द्वीप का प्रकार
(b) क्रेटर में बनी झील
(c) प्रवाल द्वीप जो लैगून को घेरे रहता है
(d) डूबी हुई नदी की घाटी

**प्रश्न 101.** सूची–I (ग्रह) का सूची–II (विशेषता) से सुमेलन कीजिए–

A. बुध (Mercury) – 1. सबसे गर्म ग्रह
B. शुक्र (Venus) – 2. सूर्य के सबसे निकट
C. बृहस्पति (Jupiter) – 3. सबसे बड़ा ग्रह
D. शनि (Saturn) – 4. वलयों (Rings) के लिए प्रसिद्ध

**Code:**
A B C D
(a) 2 1 3 4
(b) 1 2 3 4
(c) 2 1 4 3
(d) 4 3 1 2

**प्रश्न 102.** लंदन की जलवायु का सही वर्णन कौन-सा है?
(a) उष्णकटिबंधीय मानसून
(b) समशीतोष्ण महासागरीय पश्चिमी किनारा (Warm Temperate Western Margin)
(c) उष्णकटिबंधीय मरुस्थल
(d) भूमध्यरेखीय (Equatorial)

**प्रश्न 103.** सूची–I (भूमिरूप) का सूची–II (निर्माण का कारक) से सुमेलन कीजिए–

A. सर्क (Cirque) – 1. हिमानी (Glacial)
B. इन्सेलबर्ग (Inselberg) – 2. वायु (Wind)
C. मोरेन (Moraines) – 3. हिमानी (Glacial)
D. यार्डांग (Yardang) – 4. वायु (Wind)

**Code:**
A B C D
(a) 1 2 3 4
(b) 2 1 3 4
(c) 1 4 3 2
(d) 3 2 1 4

**प्रश्न 104.** निम्नलिखित में से कौन-सी शक्तियाँ अंतर्जात (Endogenic) हैं?

1. ज्वालामुखीयता (Volcanism)
2. वलन (Folding)
3. नदी अपरदन (River Erosion)
4. वायु निक्षेपण (Wind Deposition)

सही उत्तर चुनिए–
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 3 और 4
(c) 1, 2 और 3
(d) 1, 3 और 4

**प्रश्न 105.** जेट धाराओं (Jet Streams) के संबंध में विचार कीजिए–

1. ये ऊपरी क्षोभमंडल (Upper Troposphere) में उच्च गति वाली पवनें हैं।
2. उपोष्णकटिबंधीय जेट धारा भारतीय मानसून परिसंचरण को प्रभावित करती है।
3. जेट धाराएँ ग्रीष्म ऋतु में ऊष्मन (Heating) के कारण अधिक प्रबल होती हैं।

कौन-से कथन सही हैं?
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**प्रश्न 106.** भारत के परमाणु सिद्धांत (Nuclear Doctrine) के संबंध में सही कथन चुनिए–
(a) भारत परमाणु हथियारों का प्रथम प्रयोग करता है।
(b) भारत 'Massive Retaliation' (संपूर्ण प्रतिशोध) की नीति अपनाता है।

Self Study Wala 8077834630

(c) भारत ने NPT और CTBT पर हस्ताक्षर किए हैं।
(d) भारत ने अपनी परमाणु त्रिमूर्ति (Nuclear Triad) के अस्तित्व से इनकार किया है।

**प्रश्न 107.** चंद्रयान–3 को चंद्रमा तक पहुँचाने वाला प्रक्षेपण यान कौन-सा था?
(a) PSLV-XL
(b) GSLV Mk II
(c) LVM3
(d) SSLV

**प्रश्न 108.** सही कथन चुनिए–
(a) फाइकोलॉजी (Phycology) कवकों का अध्ययन है।
(b) लाइकेनोलॉजी (Lichenology) शैवाल का अध्ययन है।
(c) माइकोलॉजी (Mycology) लाइकेन का अध्ययन है।
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**प्रश्न 109.** प्रोकैरियोटिक (Prokaryotic) कोशिकाओं में निम्नलिखित में से कौन-सा नहीं पाया जाता?
(a) न्युक्लॉइड (Nucleoid)
(b) राइबोसोम (Ribosomes)
(c) नाभिकीय झिल्ली (Nuclear Membrane)
(d) प्लाज्मा झिल्ली (Plasma Membrane)

**प्रश्न 110.** निम्नलिखित अंगों को बड़े आंत्र (Large Intestine) में भोजन के मार्ग के अनुसार सही क्रम में व्यवस्थित कीजिए–

1. सिकम (Cecum)
2. मलाशय (Rectum)
3. बृहदान्त्र (Colon)
4. अपेंडिक्स (Appendix)

**Code:**
(a) 1, 4, 3, 2
(b) 1, 3, 4, 2
(c) 4, 1, 3, 2
(d) 1, 4, 2, 3

**प्रश्न 111.** मानव रक्त में लाल रक्त कोशिकाओं (RBCs) और श्वेत रक्त कोशिकाओं (WBCs) का अनुपात क्या है?
(a) 100 : 1
(b) 600 : 1
(c) 10 : 1
(d) 200 : 1

**प्रश्न 112.** निम्नलिखित में से कौन-सा जोड़ (Joint) सबसे अधिक गतिशीलता (Widest Range of Motion) प्रदान करता है?
(a) हिंज जोड़ (Hinge Joint)
(b) पिवट जोड़ (Pivot Joint)
(c) बॉल एंड सॉकेट जोड़ (Ball and Socket Joint)
(d) ग्लाइडिंग जोड़ (Gliding Joint)

**प्रश्न 113.** मूत्र के पीले रंग के लिए कौन-सा वर्णक (Pigment) उत्तरदायी है?
(a) बिलिरुबिन (Bilirubin)
(b) हीमोग्लोबिन (Hemoglobin)
(c) यूरोक्रोम (Urochrome)
(d) यूरिक अम्ल (Uric Acid)

**प्रश्न 114.** Cas9 एंजाइम का प्रयोग कर सटीक जीन संपादन (Precise Gene Editing) के लिए कौन-सी तकनीक प्रयोग की जाती है?
(a) DNA फिंगरप्रिंटिंग
(b) CRISPR
(c) PCR
(d) RNA इंटरफेरेंस

**प्रश्न 115.** विद्युत शक्ति (Electric Power) की SI इकाई है–
(a) वाट (Watt)
(b) वोल्ट (Volt)
(c) ऐम्पीयर (Ampere)
(d) ओम (Ohm)

**प्रश्न 116.** निम्नलिखित में से कौन-सा ऊष्मा का उत्तम चालक (Good Conductor of Heat) है?
(a) लकड़ी
(b) वायु
(c) चाँदी (Silver)
(d) प्लास्टिक

**प्रश्न 117.** सूची–I (यंत्र) का सूची–II (मापी जाने वाली मात्रा) से सुमेलन कीजिए–

A. स्फिग्मोमैनोमीटर – 1. तापमान
B. बैरोमीटर – 2. रक्तचाप
C. थर्मामीटर – 3. वायुमंडलीय दाब
D. एमीटर – 4. विद्युत धारा

**Code:**
A B C D
(a) 1 2 4 3
(b) 3 2 1 4
(c) 2 3 1 4
(d) 4 1 3 2

**प्रश्न 118.**
**कथन (A):** हम ग्रीष्म ऋतु में सफेद कपड़े पहनते हैं।
**कारण (R):** सफेद रंग उस पर पड़ने वाले सभी ऊष्मा विकिरण को अवशोषित कर लेता है।

Self Study Wala 8077834630

**Code:**
(a) (A) और (R) दोनों सत्य हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।
(b) (A) और (R) दोनों सत्य हैं परंतु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) सत्य है परंतु (R) असत्य है।
(d) (A) असत्य है परंतु (R) सत्य है।

**प्रश्न 119.** सूची–I (भौतिक राशि) का सूची–II (SI इकाई) से सुमेलन कीजिए–

A. दाब (Pressure) – 1. ओम (Ohm)
B. प्रतिरोध (Resistance) – 2. पास्कल (Pascal)
C. कार्य (Work) – 3. जूल (Joule)
D. विद्युत धारा (Electric Current) – 4. ऐम्पीयर (Ampere)

**Code:**
A B C D
(a) 2 1 3 4
(b) 1 2 3 4
(c) 4 3 2 1
(d) 2 3 1 4

**प्रश्न 120.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?
(a) NaCl एक आयनिक यौगिक है।
(b) $H_2O$ में सहसंयोजक (Covalent) बंध होते हैं।
(c) हीरा (Diamond) विद्युत का उत्तम चालक है।
(d) ग्रेफाइट (Graphite) मुलायम और फिसलनदार है।

**प्रश्न 121.**
**कथन (A):** गैसों को आसानी से संपीड़ित (Compress) किया जा सकता है।
**कारण (R):** गैस अणुओं के बीच अण्तराअणुक दूरी नगण्य होती है।

**Code:**
(a) (A) और (R) दोनों सत्य हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।
(b) (A) और (R) दोनों सत्य हैं परंतु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) सत्य है परंतु (R) असत्य है।
(d) (A) असत्य है परंतु (R) सत्य है।

**प्रश्न 122.** सामान्य तापमान पर (कमरे के तापमान ≈ 25°C) कौन-सी धातु द्रव अवस्था में पाई जाती है?
(a) सीसा (Lead)
(b) पारा (Mercury)
(c) जस्ता (Zinc)
(d) एल्युमिनियम (Aluminum)

**प्रश्न 123.** जल शोधन (Water Purification) में फिटकरी (Alum) का प्रयोग किसलिए किया जाता है?
(a) कीटाणु नष्ट करने हेतु
(b) कठोरता कम करने हेतु
(c) अशुद्धियों का जमाव (Coagulation) करने हेतु
(d) स्वाद बढ़ाने हेतु

**प्रश्न 124.** साइबर सुरक्षा (Cyber Security) में *Phishing* का क्या अर्थ है?
(a) वायरस भेजना
(b) डाटा को एन्क्रिप्ट करना
(c) संवेदनशील जानकारी प्राप्त करने का धोखाधड़ी प्रयास
(d) नेटवर्क हैकिंग द्वारा बल प्रयोग करना

**प्रश्न 125.** भारत में सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम (Information Technology Act) कब पारित किया गया था?
(a) 1998
(b) 2000
(c) 2005
(d) 2010

**प्रश्न 126.** राजस्थान के मुकुंदरा हिल्स में हाल ही में देखी गई दुर्लभ कैराकल (Caracal) भारत में IUCN रेड लिस्ट की किस श्रेणी में है?
(a) गम्भीर संकटग्रस्त (Critically Endangered)
(b) संकटग्रस्त (Endangered)
(c) निकट संकटग्रस्त (Near Threatened)
(d) असुरक्षित (Vulnerable)

**प्रश्न 127.** भारत का पहला PPP मॉडल ग्रीन वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट कहाँ स्थापित किया गया है?
(a) भोपाल, मध्य प्रदेश
(b) इंदौर, मध्य प्रदेश
(c) सूरत, गुजरात
(d) पुणे, महाराष्ट्र

**प्रश्न 128.** भारत में किस प्रजाति की पहली बार जनसंख्या गणना 7वीं NBWL बैठक में जारी की गई?
(a) इरावदी डॉल्फ़िन
(b) नदी डॉल्फ़िन (River Dolphin)
(c) डुगोंग
(d) ऑलिव रिडले कछुआ

**प्रश्न 129.** वोल्कान डे फुएगो (Volcán de Fuego), जिसका 2025 में विस्फोट हुआ, कहाँ स्थित है?
(a) चिली
(b) ग्वाटेमाला
(c) इक्वाडोर
(d) कोस्टा रिका

**प्रश्न 130.** गृह मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया "प्रतिबिंब (Pratibimb)" मॉड्यूल किस उद्देश्य से प्रयोग होता है?


Self Study Wala 8077834630

(a) जैव विविधता हॉटस्पॉट का मानचित्रण
(b) समुद्री डकैती घटनाओं की निगरानी
(c) साइबर अपराध नेटवर्क और बुनियादी ढाँचे का मानचित्रण
(d) अवैध खनन गतिविधियों की निगरानी

**प्रश्न 131.** वर्ष 2025 में किस दक्षिण अमेरिकी देश ने लीमा (Lima) में आपातकाल की घोषणा की?
(a) बोलीविया
(b) इक्वाडोर
(c) पेरू
(d) चिली

**प्रश्न 132. INDRA 2025** नौसैनिक अभ्यास भारत और किस देश के बीच आयोजित हुआ?
(a) अमेरिका
(b) जापान
(c) रूस
(d) ब्रिटेन

**प्रश्न 133.** ग्लोबल टेररिज्म इंडेक्स 2025 के अनुसार आतंकवाद के प्रभाव में विश्व में प्रथम स्थान किस देश का रहा?
(a) पाकिस्तान
(b) अफगानिस्तान
(c) बुर्किना फासो
(d) सीरिया

**प्रश्न 134.** हंटावायरस पल्मोनरी सिंड्रोम (Hantavirus Pulmonary Syndrome – HPS) किसके कारण होता है?
(a) जीवाणु (Bacteria)
(b) कृन्तकों (Rodents) से फैलने वाला वायरस
(c) कवक (Fungus)
(d) प्रोटोजोआ (Protozoa)

**प्रश्न 135.** हाल ही में तेजस विमान से परीक्षण की गई **अस्त्र (Astra) मिसाइल** किस प्रकार की है?
(a) बियॉन्ड विजुअल रेंज एयर-टू-एयर मिसाइल (BVRAAM)
(b) अल्प दूरी सतह-से-आकाश मिसाइल
(c) एंटी-शिप मिसाइल
(d) एयर-टू-सरफेस मिसाइल

**प्रश्न 136.** *इंटेंसिफाइड मिशन इन्द्रधनुष (IMI)* का मुख्य उद्देश्य है–
(a) हर्बल दवाओं के उपयोग को बढ़ावा देना
(b) कम कवरेज वाले क्षेत्रों में पूर्ण टीकाकरण कवरेज बढ़ाना
(c) स्कूली बच्चों को पोषण उपलब्ध कराना
(d) मलेरिया उन्मूलन करना

**प्रश्न 137.** व्यक्तित्वों को उनके प्रमुख कार्यों से सुमेलित कीजिए–

**सूची–I (व्यक्तित्व) | सूची–II (कार्य)**
A. शांतनु गुप्ता – 1. *The Indian Constitution: A Conversation with Power*
B. गौतम भाटिया – 2. *101 **कारण**s Why I Will Vote for Modi*
C. जयश्री वेंकटेशन – 3. *रामसर पुरस्कार – Wise Use of Wetlands*

**Code:**
(a) A-2, B-1, C-3
(b) A-1, B-2, C-3
(c) A-2, B-3, C-1
(d) A-3, B-1, C-2

**प्रश्न 138.** *संगीत कलानिधि पुरस्कार 2025* किसे दिया गया?
(a) टी.एम. कृष्णा
(b) आर.के. श्रीरामकुमार
(c) एल. सुब्रमण्यम
(d) सुधा रघुनाथन

**प्रश्न 139.** *एबेल पुरस्कार 2025* से किसे सम्मानित किया गया?
(a) टेरेंस ताओ
(b) मसाकी काशीवारा
(c) पियरे डेलिन
(d) मंजुल भार्गव

**प्रश्न 140.** भारत का पहला वस्त्र मशीन पार्क (Textile Machine Park) उत्तर प्रदेश के किस स्थान पर स्थापित किया जा रहा है?
(a) लखनऊ
(b) चपड़घटा, कानपुर
(c) भदोही
(d) मेरठ

**प्रश्न 141.** वाराणसी में डॉल्फिन सफारी (Dolphin Safari) किस गाँवों के बीच स्थापित की जाएगी?
(a) कैथी और ढकवा
(b) राजघाट और अस्सी
(c) रामनगर और शिवपुर
(d) सारनाथ और कच्छवा

**प्रश्न 142.** *मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (MYUVA)* योजना के अंतर्गत प्रथम चरण में नए उद्यमियों को अधिकतम कितनी ब्याज-मुक्त ऋण राशि दी जाती है?
(a) ₹3 लाख
(b) ₹5 लाख

(c) ₹7.5 लाख
(d) ₹10 लाख

**प्रश्न 143.** वर्ष 2025 में वरिष्ठ नागरिक आयोग (Senior Citizens Commission) स्थापित करने वाला भारत का पहला राज्य कौन बना?
(a) केरल
(b) तमिलनाडु
(c) उत्तर प्रदेश
(d) महाराष्ट्र

**प्रश्न 144.** *खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025* के पदक तालिका में प्रथम स्थान किस राज्य ने प्राप्त किया?
(a) तमिलनाडु
(b) हरियाणा
(c) उत्तर प्रदेश
(d) महाराष्ट्र

**प्रश्न 145.**
**कथन (A):** "AI Washing" का अर्थ है किसी कंपनी के संचालन में AI का वास्तविक एकीकरण।
**कारण (R):** यह शब्द *"Greenwashing"* से लिया गया है, जो अतिरंजित पर्यावरणीय दावों को दर्शाता है।

**Code:**
(a) (A) और (R) दोनों सत्य हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।
(b) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परंतु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) सत्य है, परंतु (R) असत्य है।
(d) (A) असत्य है, परंतु (R) सत्य है।

**प्रश्न 146.** *ई-टॉयकाथॉन 2025* का आयोजन किस संस्था द्वारा किया गया?
(a) नीति आयोग
(b) सी-डैक (C-DAC) – इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्रालय (MeitY) के अधीन
(c) नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन
(d) सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (MSME)

**प्रश्न 147.** *सहकार टैक्सी (Sahkar Taxi)* सेवा (2025) किस परिचालन मॉडल पर आधारित है?
(a) सार्वजनिक–निजी भागीदारी (PPP)
(b) सहकारी मॉडल (Cooperative Model)
(c) फ्रेंचाइज़ मॉडल
(d) सरकारी निगम

**प्रश्न 148.** *टिनशेमेत गुफा (Tinshemet Cave)*, हाल ही में समाचारों में, कहाँ स्थित है?
(a) जॉर्डन
(b) इज़राइल
(c) सीरिया
(d) तुर्की

**प्रश्न 149.** निम्नलिखित में से कौन-सी नदी *उत्तर सागर (North Sea)* में नहीं गिरती?
(a) राइन (Rhine)
(b) टेम्स (Thames)
(c) एल्बे (Elbe)
(d) डेन्यूब (Danube)

**प्रश्न 150.** उत्तर प्रदेश की योजनाओं का उनके प्रारंभ वर्ष से सुमेलन कीजिए–

A. मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना – 1. 2021
B. वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ODOP) – 2. 2018
C. यूपी मातृ वंदना योजना – 3. 2020
D. कन्या सुमंगला योजना – 4. 2019

**Code:**
A B C D
(a) 1 2 3 4
(b) 2 3 1 4
(c) 4 1 2 3
(d) 1 3 4 2

SelfStudy Wala 8077834630